प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

29.03.2026/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/19:45बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर जताई चिंता–कहा–इस संकट से मजबूती से उबरेगा भारत।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने बजट में किया 9 हजार 6 सौ 66 करोड़ रूपए का प्रावधान।
- भाजपा का आरोप–केन्द्र से भारी वित्तीय मदद मिलने के बावजूद राज्य में विकास कार्य ठप्प।
- प्रदेश में हिमपात व वर्षा से तापमान में गिरावट–लाहौल स्पिति जिले में करीब डेढ़ दर्जन सड़कों पर आवाजाही प्रभावित।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह दी है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भारत की ऊर्जा ज़रूरतों के एक बड़े हिस्से की पूर्ति पश्चिम एशिया से ही होती है।

डिस्पैच :– *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति के कारण दुनियाभर में पैट्रोल और डीजल का संकट बढ़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोरोना काल की तरह इस मौजूदा संकट से भी भारत उबर जाएगा।*

प्रधानमंत्री ऑन वेस्ट एशिया

*उन्होंने देशवासियों से अफवाहों के बहकावे में न आने और सरकार द्वारा दी जा रही जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। राष्ट्र निर्माण में माई भारत संगठन की भूमिका की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कार्यक्रम देश के युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ रहा है।*

प्रधानमंत्री माय भारत

*प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के अपने संकल्प को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि जल संकट से निपटने के लिए अब गांव–गांव में सामुदायिक स्तर पर प्रयास होने लगे हैं।*

प्रधानमंत्री––जल संरक्षण

*प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिटनेस पर भी ध्यान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा करते रहने का भी आहवान किया।*

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला। आकाशवाणी/

मण्डी–भाजपा

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मण्डी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी इस दौरान मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम देशवासियों को जागरूक, जिम्मेदार और राष्ट्रहित में सक्रिय बनने की प्रेरणा देता है। भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मन की बात कार्यक्रम को अनूठी पहल बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश का सर्वोच्च नेतृत्व सीधे करोड़ों देशवासियों से संवाद करता है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के लिए 9 हजार 6 सौ 66 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया है। शिमला जिले में ठियोग विधानसभा क्षेत्र के सरोग विद्यालय में आज उन्होंने कहा कि कठिन वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने कोटखाई में लोक निर्माण विभाग के स्टॉफ क्वार्टर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि बीते 3 वर्षों में जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि केन्द्र से भारी वित्तीय सहायता मिलने के बावजूद राज्य में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में केन्द्र सरकार से हिमाचल को 44 हजार करोड़ रूपये से अधिक की आर्थिक मदद मिली है, जो कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि इतनी अधिक वित्तीय सहायता के बावजूद न तो विकास कार्य गति पकड़ पाए हैं और न ही जनता को इनका लाभ मिल पा रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और ज़मीनी स्तर पर उनका प्रभाव नजर नहीं आ रहा है।

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए सशक्त कानून की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने विभिन्न अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि देश में करीब 50 प्रतिशत बुजुर्ग भावनात्मक, शारीरिक या आर्थिक शोषण सामना कर रहे हैं जिनमें से अधिकांश मामलों में अपराधी उनके अपने परिवार के सदस्य होते हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण केवल एक सामाजिक योजना नहीं बल्कि नैतिक दायित्व और राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

अनुराग शर्मा

नवनिर्वाचित सांसद अनुराग शर्मा ने प्रदेश के बजट को संतुलित समावेशी और दूरदर्शी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में समाज के हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। कुल्लू में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी है। अनुराग शर्मा ने कहा कि बजट में ग्रीन एनर्जी, डिजिटल गर्वनेंस और आई.टी. व इनोवेशन जैसे क्षेत्रों पर जोर दिया गया है जो हिमाचल को भविष्य के लिए तैयार करेगा।

मौसम

प्रदेश में वर्षा व ऊंची चोटियों पर हुए ताजा हिमपात से तापमान में गिरावट दर्ज की है। लाहौल–स्पिति जिले में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन के अनुसार बर्फबारी से करीब डेढ़ दर्जन सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई है। किन्नौर, कुल्लू और चम्बा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बीते 24 घंटों में हिमपात दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर बाद से अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व हिमपात की सम्भावना जताई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लोगों को अनावश्यक यात्रा न करने और एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

टीकाकरण

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हयूमन पेपीलोमा वायरस टीकाकरण अभियान आज से शुरू हो गया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष के आयु वर्ग की किशोरियों को सर्विकल कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों से सुरक्षित करना है। बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने अभियान के शुभारम्भ पर कहा कि समय पर टीकाकरण करवाना इस बीमारी की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत 5 और 12 अप्रैल को भी टीकाकरण किया जाएगा ताकि सभी पात्र किशोरियों को इसका लाभ सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने सभी हितधारकों से टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के लिए आगामी सत्रों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आहवान किया है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर जताई चिंता–कहा–इस संकट से मजबूती से उबरेगा भारत।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने बजट में किया 9 हजार 6 सौ 66 करोड़ रूपए का प्रावधान।
- भाजपा का आरोप–केन्द्र से भारी वित्तीय मदद मिलने के बावजूद राज्य में विकास कार्य ठप्प।

- प्रदेश में हिमपात व वर्षा से तापमान में गिरावट–लाहौल स्पिति जिले में करीब डेढ़ दर्जन सड़कों पर आवाजाही प्रभावित।